**Jagran City, Meerut, 10/09/2025**
Page No: 1, Size: 5.03cm × 11.54cm

# 17 घंटे बाद सुचारु हुई गेल गैस की आपूर्ति

**जासं, मेरठ** : मीनाक्षीपुरम व रक्षापुरम समेत कई कालोनियों में करीब 17 घंटे बाद मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे घरेलू गैस (पीएनजी) की आपूर्ति सुचारू हो पाई। यहां सोमवार शाम लगभग सात बजे पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से गेल गैस की आपूर्ति ठप हो गई थी। लोगों ने गेल गैस कार्यालय में दो नंबरों पर फोन किया। यहां फोन नहीं उठा तो कंपनी के टोल फ्री नंबर पर काल की। गेल गैस लिमिटेड के मेरठ क्षेत्र के महाप्रबंधक विनय कुमार ने बताया कि पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। उसी कारण आपूर्ति रोकी गई थी। रात में ही मरम्मत शुरू हो गई थी, लेकिन वहां पर जलभराव होने से कार्य नहीं हो पा रहा था। सुबह नगर निगम का सहयोग से पानी समस्या दूर कराई गई, फिर लाइन की मरम्मत हो सकी।